an>

Title: Need to roll back the decision of levying excise duty on gold on demand of jewellers.

श्री राजीव सातव (हिंगोली) : सभापति जी, शनिवार और रविवार की छुट्टियों में जब मैं अपने संसदीय क्षेत्र गया तो हिंगोली, उमरखेड़ और धानकी के बहुत से सर्राफा क्षेत्र के शिष्टमंडल मुझे मिले। पिछले 10-12 दिनों से जिस तरह से सर्राफा दुकानें बंद हैं, उस कारण जिनके घरों में शादियां हैं, उन्हें बहुत परेशानी हो रही है। इसके अलावा सर्राफा क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था का सबसे मजबूत और सुदृढ़ क्षेत्र हैं, इस क्षेत्र में करोड़ों लोगों को रोजगार मिला है। यह देश का तीसरा सबसे बड़ा क्षेत्र हैं जिससे लोगों को रोजगार मिला हुआ है। इतना ही नहीं बल्कि देश की अर्थव्यवस्था में एक लाख करोड़ रुपए मूल्य का योगदान दे रहा है। मेरी आपसे विनती है कि एक परसेंट का जो नया वैट टैक्स लगाया गया है, उसे माफ करना चाहिए और सरकार को तुरंत इस बारे में कार्रवाई करनी चाहिए।